**Class I and II Employees of Madhya Pradesh**

**3203. Shri Nitiraj Singh Chaudhary:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of Madhya Pradesh Government employees on deputation to the Centre;

(b) how many of them are class I and class II officers; and

(c) how many of them have been provided with residential accommodation?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla):** (a) to (c). Information is being collected and will be laid on the Table of the Lok Sabha as soon as possible.

वीर सावरकर स्मृति डाक-टिकट

3204. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री रामावतार शर्मा :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी स्वर्गीय वीर सावरकर की स्मृति में डाक-टिकट जारी करने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :** (क) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

टेलीप्रिंटर

3205. श्री यशवन्त सिंह कुशवाहा :
श्री ग्रात्म दास :
श्री प्रकाश वीर शास्त्री :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री रामगोपाल शालवाले :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मद्रास स्थित कारखाने में 1966 में क्रमश: देवनागरी और रोमन लिपि में कितने टेलीप्रिंटरों का निर्माण हुआ ;

(ख) देवनागरी लिपि के टेलीप्रिंटरों में से क्रमश: कितने टेलीप्रिंटर 'पेज टाइप' (पृष्ठ-क्रम वाले) और कितने टेलीप्रिंटर 'टेप-टाइप' (पट्टिका वाले) थे;

(ग) क्या किसी हिन्दी समाचार एजेंसी ने हिन्दी टेलीप्रिंटर मांगें थे और यदि हां, तो उसने किस तारीख को टेलीप्रिंटर मांगें थे ौर उसे कितने टेलीप्रिंटर दिये गये हैं;

(घ) क्या देवनागरी लिपि के टेलीप्रिंटरों का निर्माण करने के लिये एक नया कारखाना लगाने का प्रताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ङ) क्या किसी अन्य देश से देवनागरी लिपि के टेलीप्रिंटर प्राप्त करने के लिये कोई प्रयास किया जा रहा है ?

**संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :** (क) 1966 के दौरान रोमन लिपि में 2361 अदद टेलीप्रिंटर मशीनों का निर्माण हुआ । देवनागरी लिपि में कोई टेलीप्रिंटर नहीं बनाया गया

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।